

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

राजपाल यादव को HC से अंतरिम जमानत

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 289 ■ मंगलवार 17 फरवरी 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# हिम्मत है तो गणेश नाईक लोकसभा चुनाव हमारे खिलाफ लड़कर दिखाएं -सांसद शिंदे

## ■ अंबरनाथ के प्राचीन शिवमन्दिर में की विधिवत पूजा अर्चना




**अंबरनाथ.** प्राचीन शिवमन्दिर की नगरी अंबरनाथ में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम और परंपरागत धार्मिक अनुष्ठानों के साथ उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कल्याण लोकसभा सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने शिवमन्दिर के गर्भगृह विधिवत पूजा अर्चना कर महादेव का आशीर्वाद ग्रहण किया।

इस मौके पर MLA डॉ. बालाजी किणीकर, पूर्व मेयर सुनील चौधरी, गुणवंत खेरोदिया, नगरसेवक सुभाष सालुंके, निखिल चौधरी वगैरह मौजूद थे। पत्रकारों से बात करते हुए डॉ. श्रीकांत शिंदे ने राजनीतिक परिदृश्य पर उठे सवाल का जवाब दिया. भाजपा के मंत्री गणेश नाइक द्वारा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनकी आलोचना का डॉ. श्रीकांत शिंदे ने करारा जवाब देते हुए कहा कि गणेश नाइक को उम्र के कारण भूलने की बीमारी हो गई है। इसीलिए वे हर बात की आलोचना कर रहे हैं। उन्हें हमें निरर्थक बदनाम करने की बात नहीं करनी चाहिए। उन्हें पता होना चाहिए कि जनता ने उन्हें कई बार बदनाम किया है और अगर उन्हें अपनी शक्ति पर इतना ही भरोसा है तो वो भविष्य में कल्याण या ठाणे लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर अपना शक्ति परीक्षण कर सकते हैं।

महाशिवरात्रि के अवसर पर प्राचीन शिवमन्दिर को रौशनाइयों के साथ सजाया गया। मंदिर में शिवपूजा के लिए भक्त लाखों की संख्या में देर रात से ही लाइन लगाकर दर्शन और पूजन के लिए लाइनों में लगे थे। विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने अंबरनाथ और उल्हासनगर दोनो शहरों से शिवमन्दिर मार्ग पर पंडाल लगाकर लंगर का आयोजन किया। मंदिर प्रशासन, नगरपालिका प्रशासन और पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही।

### 15 फुट प्रतिमा संग निकली शोभायात्रा

भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर से हीरा घाट तक 15 फुट ऊंची भगवान महादेव की प्रतिमा के साथ शनिवार देर शाम शाही शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल ताशों की गूंज और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रतिमा की विधि विधान से स्थापना की गई।

# पूरे जिले में गूंजा 'हर हर महादेव'

**अंबरनाथ.** ठाणे जिले के अंबरनाथ में प्राचीन शिव मंदिर क्षेत्र महाशिवरात्रि त्योहार के अवसर पर 'हर हर महादेव' के नारों से भर गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां एक बड़ा मेला लगता है। उस अवसर पर, लाखों भक्तों ने महादेव के दर्शन कर मेले में भाग लिया। भक्तों ने दर्शन के लिए लंबी कतारें लगाई थीं। पूरे मेले के दौरान पूरा क्षेत्र 'हर हर महादेव' के नारों से गुंजायमान हो गया था। इस अवसर पर, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने शिवलिंग का अभिषेक किया।



अंबरनाथ का प्राचीन शिव मंदिर महाराष्ट्र में भूमिज शैली में 11वीं शताब्दी का सबसे पुराना शिव मंदिर है। मंदिर पर लगे शिलालेख में उल्लेख है कि यह मंदिर शिलाहार वंश के राजा मांबनी के शासनकाल के दौरान AD 1060 में पूरा हुआ था। महाशिवरात्रि पर आधी रात से ही हज़ारों भक्त अंबरनाथ के प्राचीन शिव मंदिर में महादेव के दर्शन करने आते हैं। आधी रात को यहां पाटिल परिवार विधिवत अभिषेक और आरती करता है। उसके बाद, मंदिर सभी के दर्शन के लिए खोल दिया जाता है।

मेले में सैकड़ों दुकानदारों ने हिस्सा लिया, जिनमें ऊंचे-ऊंचे टेंट, खाने-पीने की अलग-अलग चीज़ों और सामानों के स्टॉल शामिल थे। मेले में किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। ट्रैफिक को देखते हुए मंदिर जाने वाले सभी मुख्य रास्ते बंद कर दिए गए थे। इसलिए, हमें मंदिर तक पहुंचने के लिए दो किलोमीटर पैदल चलना पड़ा।

# 6 ट्रक कचरा पटेल मार्ट के कार्यकर्ताओं ने साफ किया

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के प्राचीन शिवमंदिर में महाशिवरात्रि पर लाखों भक्तों ने शिव के दर्शन किए. 966 वर्ष पुराने शिवमंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग गई थी. सामाजिक संघटना, राजनीतिक पक्ष के नेताओं एवं नवनिर्वाचित नगरसेवकों के सैकड़ों पंडाल लगाकर भक्तों में खाद्य पदार्थ, ठंडा पानी, शरबत आदि वितरित किया. पुलिस का चाक चौबंद बंदोबस्त रहा. बच्चों के गुम होने की शिकायतें प्राप्त होने के बाद उन बच्चों को उनके परिजनों के हवाले किया गया. वेल्फेयर सेंटर के पास शाम में गरदी का फायदा उठाते हुए एक अल्पवयीन लड़की ने एक महिला का सोने का मंगलसूत्र खींचकर भागने लगी. व्यापारियों एवं भक्तों ने उसे पकड़ा. व्यापारी संघ अध्यक्ष खानजी धल ने उसे शिवाजी नगर पुलिस के हवाले किया. इसी वेल्फेयर सेंटर चौक पर अंबरनाथ नगर परिषद एवं ठाणे यातायात पुलिस ने बाम्बू बांधकर आधा रास्ता बंद कर दिया था. भक्तों को बड़ी परेशानी हो रही थी. रिक्शा चालकों एवं भक्तों ने मिलकर उन बाम्बू को निकालकर रास्ते को खुला किया. सुबह में रश कम था, लेकिन शाम में भीड़ काफी बढ़ गई थी. अंबरनाथ रेलवे पादचारी पुल एवं छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर शाम में मंदिर से आने वालों एवं मंदिर जाने वालों के कारण लोगों को दस मीटर का फासला तय करने के लिए 10 से 15 मिनट लग रहे थे. यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को पटेल आर मार्ट, लो प्राइज के 200 कर्मचारियों ने शिवाजी चौक से शिवमंदिर तक के कचरे को झाड़े से जमा करके नपा के ट्रक में डाला. सुबह 6.30 बजे से दोपहर क स्वच्छता मुहिम को पूरा किया गया. 6 ट्रक भरकर कचरा डंपिंग मैदान में नपा ने डाला है.

# महिला डॉक्टर ने किया आत्महत्या का प्रयास




## ■ डाक्टर को एक बच्चे की मौत का ठहराया जा रहा जिम्मेदार

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक महिला डाक्टर ने आत्महत्या का प्रयास किया है. महिला डॉक्टर पर ये आरोप लग रहे थे कि उसके गलत उपचार के कारण महालक्ष्मी नगर निवासी एक 6 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है. डॉक्टर का उपचार उल्हासनगर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है. डॉक्टर स्वप्नाली गायकर की लापरवाही से लड़के की मौत होने का आरोप पीड़ित लड़के के माता-पिता ने लगाया है. इस प्रकरण में कुछ सामाजिक कार्यकर्ता और संघटना के प्रतिनिधि शिकायत करके एवं दवाखाना बंद करने की धमकी देकर परेशान कर रहे थे. सोशल मीडिया पर हो रहे वायरल वीडियो के कारण मानसिक तवाब से आत्यहत्या का प्रयास करने की बात संबंधित डॉक्टर ने कही है. डॉक्टर की स्थिति में सुधार हो रहा है. डॉक्टर ने चार लोगों के नाम लिए हैं, जिसके कारण उन्होंने आत्महत्या का प्रयास किया है.

विदित हो कि 7 फरवरी को विजय जैसवाल नामक लड़के की सायन अस्पताल में मौत हो गई थी. इससे पूर्व विजय का उपचार डॉ. गायकर के पास चल रहा था. डॉ. गायकर की लापरवाही एवं गलत उपचार से हमारे बच्चे की मृत्यु हुई है, ऐसा आरोप बच्चे के परिजनों ने लगाया है.

डॉक्टर गायकर का कहना है कि अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है. रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा की मौत कैसे हुई है. रिपोर्ट आने से पूर्व की उनकी बदनामी की जा रही थी, जिसके कारण वह मानसिक तनाव में आ गई और टैब्लेट खाकर आत्महत्या का प्रयास डॉक्टर ने किया है. खबर लिखे जाने तक पुलिस में अपराध दर्ज नहीं किया गया है. शहर के डॉक्टरों में भी नाराजगी की सुर देखे जा रहे हैं. विजय जैसवाल के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की प्रतीक्षा की जा रही है.

# 25 साल नागरिकता के लिए संघर्ष कर रहे 70 परिवार

## ■ विधायक पहुंचे डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर के पास

**उल्हासनगर.** पाकिस्तान के सिंध प्रांत से अत्याचार सहकर भारत आए और पिछले 25 सालों से उल्हासनगर और ठाणे जिलों में रह रहे 70 हिंदू परिवारों की नागरिकता का मुद्दा फिर उठ खड़ा हुआ है। सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बावजूद फाइनल अप्रूवल न मिलने से इस नागरिकता में देरी हो रही है, इसलिए MLA कुमार ऐलानी ने ठाणे डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर से मुलाकात कर इस मुद्दे को सुलझाने की मांग की है।

सिंध प्रांत से आए ये परिवार दशकों से भारत में रह रहे हैं। इन्होंने नागरिकता (संशोधन) कानून के तहत अप्लाई किया है। इनमें से ज्यादातर एप्लीकेंट का पुलिस वेरिफिकेशन हो चुका है और कुछ को नागरिकता की शपथ भी दिलाई जा चुकी है; हालांकि, टेक्निकल कारणों और फाइनल अप्रूवल में देरी के कारण ये 70 एप्लीकेंट अभी भी 'भारतीय' बनने का इंतजार कर रहे हैं।

MLA कुमार ऐलानी ने बुधवार को ठाणे डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल से मुलाकात की और डिटेल में बताया। संबंधित एप्लिकेंट्स ने 4 अक्टूबर 2022 को होम मिनिस्ट्री में अप्लाई किया था। इससे पहले, इस बारे में 27 मार्च 2025 को फॉलो-अप किया गया था।

डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ने इस पर पॉजिटिव जवाब दिया है और जल्द ही एक स्पेशल रिव्यू मीटिंग करने का भरोसा दिया है। MLA ऐलानी ने कहा कि ये सभी एप्लिकेंट्स लोकल सोसाइटी में पूरी तरह से घुल-मिल गए हैं। बस पाकिस्तानी पासपोर्ट सरेंडर करने की आखिरी फॉर्मैलिटी बाकी है। इस देरी से इन परिवारों को मानसिक परेशानी हो रही है।

# ऑर्केस्ट्रा बार पर पुलिस का छापा

## ■ विट्ठलवाड़ी पुलिस की कार्रवाई
## ■ लाइसेंस शर्तों का किया जा रहा उल्लंघन

**उल्हासनगर.** पुलिस ने उल्हासनगर में एक ऑर्केस्ट्रा बार पर छापा मारा जो लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करके चल रहा था। इस कार्रवाई से शहर में बार के कारोबार में हलचल मच गई है। यह पता चलने के बाद कि बार में और भी महिला कलाकार शामिल थीं, संबंधित बार मालिक और मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई से यह साफ हो गया है कि पुलिस प्रशासन लाइसेंस की शर्तों को सख्ती से लागू करने को लेकर और सतर्क हो गया है।

डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस सचिन गोरे और सीनियर इंस्पेक्टर अशोक कोली के मार्गदर्शन में विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की एक टीम ने उल्हासनगर के श्रीराम चौक इलाके में सरकारी आदेशों का उल्लंघन करके ऑर्केस्ट्रा बार चलाने के आरोप में 'नाइटी ऑर्केस्ट्रा बार' के खिलाफ कार्रवाई की। 12 फरवरी को रात करीब 11 बजे किए गए इंस्पेक्शन के दौरान पता चला कि बार में असल में नौ महिला ऑर्केस्ट्रा सिंगर काम कर रही थीं, जबकि लाइसेंस के अनुसार केवल आठ महिला सिंगर की ही इजाज़त थी। इस गड़बड़ी पर ध्यान देते हुए पुलिस ने तुरंत बार मालिक किशोर वाले (उम्र 45, निवासी उल्हासनगर-3) और मैनेजर चंद्रकिशोर शाह (उम्र 36) के खिलाफ सरकारी आदेश का उल्लंघन करने का केस दर्ज किया। पुलिस अधिकारी गणेश राठौड़ ने इस संबंध में शिकायत दर्ज की है। कार्रवाई के बाद, संबंधित बार के कागज़ात की जांच की जा रही है और लाइसेंस शर्तों के उल्लंघन के लिए आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### उल्हासनगर में भारतीय जनता पार्टी का हंगामा

# हर्षवर्धन सपकाल के बयान पर कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन



**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों हर्षवर्धन सपकाल के विवादास्पद बयान को लेकर भूचाल मचा हुआ है। टीपू सुल्तान और छत्रपती शिवाजी महाराज पर दिए गए वक्तव्य ने राज्य का सियासी पारा चढ़ा दिया है। इतिहास का हवाला देते हुए सपकाल के संबोधन पर विभिन्न दलों और संगठनों ने तीखी प्रतिक्रिया दीं। जहां कुछ ने व्यापक दृष्टिकोण की बात की, वहीं विरोधियों ने इसे आपत्तिजनक ठहराया। इसी सिलसिले में उल्हासनगर-2 स्थित नेहरू चौक पर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यालय के निकट होने से क्षेत्र में कुछ देर तनाव का माहौल रहा। प्रदर्शन में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वधरिया, प्रदीप रामचंदानी, अमर लुंड, मनोहर खेमचंदानी, अमित वाधवा, दीपक छतलानी, गुलशन हरिसिंघानी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं व कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया ने सपकाल के बयान की निंदा की और ऐतिहासिक महापुरुषों पर टिप्पणी में संवेदनशीलता बरतने की मांग उठाई। इस घटनाक्रम ने महाराष्ट्र राजनीति में नई बहस छेड़ दी है।

# KB रोड के काम में गड़बड़ियों पर MNS का हमला

**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र सरकार के पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट की तरफ से कल्याण-बदलापुर-कर्जत स्टेट हाईवे पर K. B. रोड पर करीब 65 करोड़ रुपये की लागत से कंक्रीटिंग का काम चल रहा है। हालांकि, MNS के जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख ने आरोप लगाया है कि इस काम में काफी गड़बड़ियां हो रही हैं और क्वालिटी भी बहुत खराब है।

देशमुख ने कहा कि नए तैयार किए गए सीमेंट कंक्रीट ब्लॉक में कई जगहों पर दरारें हैं, जबकि कुछ जगहों पर रेत और बजरी दिख रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉन्ट्रैक्टर खराब क्वालिटी का मटीरियल इस्तेमाल कर रहा है, जबकि स्टेट हाईवे होने की वजह से काम बहुत अच्छी क्वालिटी का होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी बताया कि रेडी मिक्स कंक्रीट M-40 क्वालिटी का होना चाहिए, लेकिन इसकी जगह घटिया क्वालिटी का मटीरियल इस्तेमाल किया जा रहा है। MNS ने शिकायत की है कि रोड के फाउंडेशन के काम के लिए जरूरी PCC भी घटिया क्वालिटी का बनाया जा रहा है।

MNS ने कहा है कि इस बारे में सब-डिविजनल ऑफिसर प्रशांत मानकर से बार-बार शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इन सबके कारण काम में भ्रष्टाचार का शक जताते हुए MNS ने मांग की है कि पूरे प्रोजेक्ट का IIT मुंबई से थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाए।

उन्होंने यह भी कहा है कि IIT मुंबई की रिपोर्ट आने तक संबंधित कॉन्ट्रैक्टर को कोई बिल न दिया जाए। इस मौके पर MNS के जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख, शहर उप अध्यक्ष सचिन बेंडके, मुकेश सेठपलानी, रवि पाल, शैलेश पांडव और दूसरे पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कार में युवक का शव मिलने से हड़कंप

**उल्हासनगर.** गोल मैदान क्षेत्र में अल्फा मेडिकल के पास खड़ी एक कार में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक ड्राइविंग सीट पर अचेत अवस्था में मिला। सूचना मिलते ही उल्हासनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। कार कल्याण रजिस्ट्रेशन की बताई जा रही है। वाहन से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, लेकिन स्विच ऑफ होने से पहचान तत्काल नहीं हो सकी।

# तेज़ रफ्तार गाड़ियों से बढ़ रहे हैं एक्सीडेंट

## ■ नई सड़कों पर स्पीड ब्रेकर ज़रूरी

**उल्हासनगर.** शहर में ट्रैफिक की बढ़ती स्पीड की वजह से एक्सीडेंट की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ रही है और अब सामाजिक संगठनों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर खींचना शुरू कर दिया है। मोरयानगरी से श्रीराम पेट्रोल पंप इलाके तक नई बनी सड़क पर अक्सर एक्सीडेंट होने से स्थानीय नागरिकों में डर का माहौल है। इसी को देखते हुए, विठाई प्रतिष्ठान के फाउंडर प्रेसिडेंट प्रदीप गरड ने इस बारे में उल्हासनगर मनपा आयुक्त को एक प्रेजेंटेशन दिया है और तुरंत कदम उठाने की मांग की है।

हाल ही में मोरयानगरी, VTC ग्राउंड और श्रीराम पेट्रोल पंप के बीच एक नई सड़क बनी है। हालांकि, सड़क अच्छी हालत में और सीधी होने की वजह से गाड़ियों की स्पीड काफी बढ़ गई है। इस वजह से हर दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं। इस सड़क पर ज़्यादा आबादी, मंदिर वाला इलाका और छोटे बच्चों के होने की वजह से नागरिकों की जान खतरे में है। 11 फरवरी को महादेवनगर के रहने वाले नागेश नागरे का एक्सीडेंट हो गया था, जब इसी रोड पर एक गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी थी। वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसलिए मांग की गई है कि इस रोड पर तुरंत सही जगहों पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं।

# मनपा मुख्यालय की इमारत के लिए 275 करोड़ होंगे मंजूर

## ■ जिला नियोजन बैठक में उल्हासनगर के लिए ज़रूरी फ़ैसले

**उल्हासनगर.** ठाणे जिला नियोजन समिति की बैठक में उल्हासनगर के विकास को नई ताकत देने वाले ज़रूरी फ़ैसले लिए गए। ठाणे ज़िले के डिप्टी चीफ़ मिनिस्टर और पालक मंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में यह घोषणा की गई कि कुछ ही दिनों में उल्हासनगर मनपा की नई प्रशासनिक इमारत के लिए 275 करोड़ रुपये की एडमिनिस्ट्रेटिव मंज़ूरी दे दी जाएगी। साथ ही, बिना इजाज़त के कंस्ट्रक्शन को रेगुलर करने की प्रक्रिया में तेज़ी लाने के लिए एक नया ADTP नियुक्त किया जाएगा, और शहर में एक डॉग शेल्टर होम बनाने के निर्देश भी दिए गए।



ठाणे में हुई इस मीटिंग में, उल्हासनगर के MLA कुमार ऐलानी ने शहर के पूरे विकास से जुड़े कई मुद्दों पर ज़ोर दिया। शहर में पेंडिंग प्रोजेक्ट्स, फंड की कमी से रुके हुए कामों और रेगुलर करने के मुद्दे पर ध्यान दिलाते हुए, उन्होंने उपमुखमंत्री को एक डिटेल्ड बयान दिया। क्योंकि उल्हासनगर महानगर पालिका मुख्यालय की बिल्डिंग पुरानी और काफ़ी नहीं है, इसलिए एक नई, अच्छी तरह से इक्विप्ड और मॉडर्न एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग की ज़रूरत पर ज़ोर दिया गया। इस पर सकारात्मक जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री शिंदे ने भरोसा दिलाया कि 275 करोड़ रुपये के फंड की एडमिनिस्ट्रेटिव मंज़ूरी जल्द ही दे दी जाएगी।

इस मीटिंग में किसन कथोरे, संजय केलकर, महेश चौगुले, सुलभा गायकवाड़, रईस शेख, शांताराम मोरे, ठाणे डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर श्रीकृष्ण पांचाल, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रंजीत यादव और उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन कमिश्नर मनीषा आव्हाले मौजूद थे।

### अनधिकृत कंस्ट्रक्शन का रेगुलराइज़ेशन

शहर में अनधिकृत कंस्ट्रक्शन के रेगुलराइज़ेशन का मुद्दा मीटिंग में खास रहा। कुमार ऐलानी ने कहा कि बार-बार फ़ॉलो-अप करने के बावजूद, उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। गार्डियन मिनिस्टर ने कमिश्नरों को आने वाली मीटिंग में रेगुलराइज़ की गई बिल्डिंग की लिस्ट जमा करने का निर्देश दिया। यह भी साफ़ किया गया कि रेगुलराइज़ेशन प्रोसेस को तेज़ करने के लिए एक नया ADTP अपॉइंट किया जाएगा।

## ■ आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान

शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या को देखते हुए डॉग शेल्टर होम बनाने की मांग की गई। इस पर गार्डियन मिनिस्टर ने मौजूद सभी कमिश्नरों को अपने-अपने इलाकों में डॉग शेल्टर बनाने का निर्देश दिया। इससे नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा हल करने में मदद मिलेगी।

## ■ अन्य मंजूर मांगें

मीटिंग में मेट्रो-5 फेज नंबर 2 (भोईरवाड़ी-उल्हासनगर) प्रपोजल को मंज़ूरी, इंडिपेंडेंट वॉटर सप्लाई स्कीम, SATIS प्रोजेक्ट, सेंट्रल हॉस्पिटल का विस्तार, एंटीलिया टूरिज्म डेवलपमेंट, नया पुलिस स्टेशन, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, महारल-कांबा रोड पर लाइटिंग स्कीम, उल्हास नदी कंपाउंड वॉल समेत कई डेवलपमेंट कामों के लिए फंड की मांग की गई।



उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास

संपादकीय

## स्कूल परिसर में सरेआम हत्या

हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा जिले के देहरा स्थित एक सरकारी स्कूल में महिला कर्मी की विद्यार्थियों के सामने हत्या कर देने की घटना ने न केवल शिक्षण संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी झकझोर दिया है। किसी व्यक्ति का सरेआम स्कूल परिसर में घुसकर इस तरह की संगीन वारदात को अंजाम देना दर्शाता है कि समाज और समूची व्यवस्था में सुरक्षा की स्थिति क्या है।

ऐसा लगता है कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के भीतर कानून का खौफ खत्म हो गया है और उन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। ऐसे में घर की दहलीज से लेकर सड़क, कार्यस्थल या विद्यालय, कहीं भी कोई खुद को सुरक्षित कैसे महसूस कर पाएगा! मगर सवाल है कि इस स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है?

मामला सिर्फ पुलिस या किसी अन्य सुरक्षा एजंसी का ही नहीं है, बल्कि प्रत्येक संस्थान के संचालकों और प्रबंधन की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि परिसर में आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखा जाए। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा जिले के एक सरकारी प्राथमिक स्कूल में जिस महिला कर्मी की गुरुवार को हत्या की गई, वह मध्याह्न भोजन बनाने का काम करती थी।

आरोपी हंसिया लेकर स्कूल परिसर में घुसा और रसोई में मौजूद इस महिला कर्मी पर बच्चों के सामने ही जानलेवा हमला कर दिया। हैरत की बात है कि कोई व्यक्ति धारदार हथियार लेकर स्कूल परिसर में आसानी से घुस गया और शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों को इसकी भनक तक नहीं लगी! यही नहीं, कहा जा रहा है कि हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद काफी देर तक परिसर में ही हंगामा करता रहा, जिससे बच्चों में दहशत फैल गई।

इस हमले के पीछे कोई निजी रंजिश थी या कुछ और, यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा, लेकिन इस घटना ने शिक्षण संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं। शासन और प्रशासन को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि सार्वजनिक संस्थानों में सुरक्षा के माकूल बंदोबस्त किए जाएं और लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय की जाए

# विचार: कांग्रेस पर भारी पड़ता राहुल का रवैया

संसद के बजट सत्र में जब राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई तो राहुल गांधी ने 2020 में गलवन में चीनी सेना के साथ हुई खूनी झड़प के बहाने मोदी सरकार को घेरना आवश्यक समझा। समझना कठिन रहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने के बजाय उन्होंने चीन के साथ हुए संघर्ष और तनाव का मुद्दा क्यों उठाया?

उनकी मानें तो उन्होंने इस विषय को इसलिए उठाया, क्योंकि भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कांग्रेस शासन की विफलताओं को रेखांकित किया था और आतंकवाद एवं माओवाद से निपटने में उसकी कमजोर इच्छाशक्ति का उल्लेख किया था। इसे राहुल ने कांग्रेस की देशभक्ति पर सवाल समझा और उसका जवाब देने के लिए वे गलवन संघर्ष के समय जनरल नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के एक पत्रिका में छपे अंश पढ़ने की कोशिश करने लगे।

जब लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं दी तो वे जनरल नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक की कथित प्रति संसद परिसर में लहराने लगे। राहुल के हिसाब से इस पुस्तक के जो अंश एक पत्रिका में छपे हैं, उनके अनुसार गलवन की घटना के बाद जब चीनी सेना के टैंक भारत की ओर बढ़ रहे थे तो प्रधानमंत्री की ओर से उन्हें स्पष्ट निर्देश नहीं दिए गए।

पता नहीं पत्रिका ने नरवणे की पुस्तक के अंशों की ऐसी व्याख्या कैसे की, क्योंकि वे यही बताते हैं कि प्रधानमंत्री ने उनसे कहा था कि जो उचित समझें, वह करें। आखिर इसमें किसी तरह की अस्पष्टता की



गुंजाइश कहां रह जाती है? ध्यान रहे कि खुद जनरल नरवणे कई बार कह चुके हैं कि भारतीय सेनाओं ने चीनी सेनाओं को सबक सिखाया।

जहां तक गलवन संघर्ष को लेकर जनरल नरवणे के पुस्तक लिखने की बात है, यह अस्वाभाविक सा है कि कोई सेनाध्यक्ष हालिया सैन्य संघर्ष पर अपने संस्मरण लिखे। इसी कारण रक्षा मंत्रालय ने अभी तक उनकी पुस्तक के प्रकाशन की अनुमति नहीं दी है। इस पुस्तक में क्या लिखा है, इस पर कुछ कहना कठिन है। इस अप्रकाशित पुस्तक के अंश सार्वजनिक कैसे हुए, इसकी दिल्ली पुलिस जांच कर रही है, क्योंकि प्रकाशक का कहना है कि उसकी ओर से जनरल नरवणे की पुस्तक किसी भी रूप में प्रकाशित नहीं हुई है।

प्रश्न यह है कि फिर राहुल कौन सी पुस्तक लहराते घूम रहे थे? वे जो भी पुस्तक लिए घूम रहे हों, इसमें संदेह नहीं कि उनकी ओर से यह साबित करने की कोशिश हो रही कि मोदी सरकार सीमाओं की रक्षा और खासकर चीन से निपटने के मामले में कमजोर है। यह एक विडंबना ही है कि इसे प्रचारित करने का काम उस कांग्रेस के नेता कर रहे हैं, जिसका सीमाओं की रक्षा के मामले में रिकार्ड बहुत कमजोर रहा है।

यह तथ्य है कि कांग्रेस शासनकाल में जहां कश्मीर के एक हिस्से पर पाकिस्तान ने कब्जा किया, वहीं चीन ने भी भारत की सैकड़ों वर्ग किमी भूमि हड़पी। यह ठीक है कि तब भारत आज जितना शक्तिशाली नहीं था, पर सब जानते हैं कि कांग्रेस की सरकारों ने बाद में भी पाकिस्तान और चीन के प्रति रक्षात्मक रवैया ही रखा। यह एक स्थापित सत्य है कि पाकिस्तान और चीन से सीमा विवाद कांग्रेस शासन की ही देन हैं।

कांग्रेस सरकारों के बजाय मोदी शासन का रिकार्ड देखें तो साफ पता चलता है कि उसने पाकिस्तान से भी कड़ाई से निपटा और चीन से भी। पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और आपरेशन सिंदूर का असर किसी से छिपा नहीं। इसी तरह सब जानते हैं कि डोकलाम में भारतीय सेना ने चीनी सेना को पीछे हटने पर बाध्य किया और गलवन में संघर्ष के बाद भारत के अडिग रवैये से चीन वार्ता की मेज पर आने के लिए विवश हुआ। यह प्रश्न अपनी जगह है कि आखिर चीन से सीमा विवाद का समाधान कब होगा, लेकिन इसके आधार पर यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि मोदी सरकार भारत की सीमाओं की रक्षा करने में कमजोर है, लेकिन राहुल गांधी लगातार यही साबित करने पर तुले हैं। कभी वे कहते हैं कि मोदी के रहते चीन ने हमारी जमीन कब्जा ली है और कभी कहते हैं कि प्रधानमंत्री चीन से डरते हैं। चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये के मामले में राहुल गांधी को यह भूलना नहीं चाहिए कि उसका यह रवैया कांग्रेस के शासनकाल में भी था और तब उसका सामना इतनी दृढ़ता से नहीं किया जा सका।






# अरावली पर सुप्रीम कोर्ट का 'सुरक्षा कवच'

यह छिपी बात नहीं है कि जितने बड़े इलाके में अरावली की पहाड़ियां फैली हैं, वहां और उसके आसपास उसकी क्या अहमियत है। इसे सिर्फ इतने से समझा जा सकता है कि समूची पर्वत-शृंखला को एक जीवन-रेखा की तरह देखा जाता है।

विडंबना यह है कि वहां खनन और अन्य गतिविधियों की वजह से पूरे क्षेत्र में पड़ने वाले प्रभाव और उसके नुकसानों को देखते हुए जब अरावली के संरक्षण के लिए स्वर तेज हो रहे हैं, वैसे में भी सरकार को नई परियोजनाओं के असर पर विचार करना जरूरी नहीं लग रहा है।

गौरतलब है कि हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट में गुरुग्राम और नूंह जिले में प्रस्तावित जंगल सफारी पर विस्तृत योजना जमा करना चाहती थी। हरियाणा सरकार की ओर से अदालत में यह दलील भी दी गई कि सफारी परियोजना की विस्तृत रपट में जरूरत की भूमि को दस हजार एकड़ से बदल कर तीन हजार तीन सौ एकड़ कर दिया गया है।

मगर शीर्ष अदालत ने इस पर सख्त रुख अख्तियार किया और कहा कि जब तक विशेषज्ञ अरावली क्षेत्र की परिभाषा को बिल्कुल स्पष्ट नहीं कर देते, तब तक किसी को भी अरावली को छूने नहीं दिया जाएगा और कोई भी विकास या निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्तूबर



में हरियाणा सरकार की प्रस्तावित 'अरावली जू सफारी' परियोजना पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। हालांकि सरकार का कहना था कि इस परियोजना के तहत विश्व की सबसे बड़ी सफारी तैयार की जाएगी, जिसमें बाघ, पक्षी, सरीसृप और तितलियों के लिए अलग-अलग क्षेत्र बनाए जाने थे।

मगर भारतीय वन सेवा के पांच सेवानिवृत्त अधिकारियों और एक संगठन की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि पहले ही संकट का सामना कर रही अरावली पर्वत-शृंखला के लिए यह परियोजना विनाशकारी साबित होगी। यह समझना मुश्किल है कि 'जू सफारी' बनाने या ऐसी अतिरिक्त गतिविधियों को जहां समूचे अरावली क्षेत्र के लिए नुकसानदेह माना जा रहा है, पर्यावरणविद् इसके लिए चेताते रहे हैं, उस इलाके में अरावली के परिभाषित होने तक रुकना क्यों जरूरी नहीं समझा जा रहा है।

जिस पहलू को सरकार को खुद समझना चाहिए, उसके लिए शीर्ष अदालत को बताने की जरूरत क्यों पड़ रही है। दरअसल, इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्ष नवंबर में अरावली पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक जैसी परिभाषा को स्वीकार कर लिया था। हालांकि बाद में विशेषज्ञों की रपट आने तक दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैले इसके इलाकों में खनन के नए पट्टे देने पर रोक लगा दी थी।

चार राज्यों और कई सौ किलोमीटर के क्षेत्र में फैली अरावली दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत शृंखलाओं में एक है और यह थार मरुस्थल को पूर्व यानी दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फैलने से रोकने वाली एक प्राकृतिक ढाल के रूप में काम करती है। इसे समूचे उत्तर-पश्चिम भारत के लिए एक बेहद अहम पारिस्थिति तंत्र के रूप में देखा जाता है और भूजल के पुनर्भरण, मानसून को प्रभावित करने तथा जैव विविधता के संरक्षण में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

ऐसे में अरावली की पहाड़ियों के जीवन-तत्त्व की अनदेखी कर अगर खनन या फिर किसी भी तरह की परियोजना पर काम किया जाता है, तो उसका व्यापक असर पड़ेगा। बेहतर हो कि किसी भी तरह की गतिविधि से पहले हर हाल में यह सुनिश्चित किया जाए कि अरावली के अस्तित्व को कोई भी नुकसान न पहुंचे।

# 30 मीटर लंबी प्लेट में परोसा जाता है 111 तरह का चीज़

फ्रांस में चीज़ सिर्फ खाने की वस्तु नहीं, बल्कि संस्कृति का अहम हिस्सा माना जाता है। इसी परंपरा को शानदार रूप देता है दक्षिणी

### जरा हट के

फ्रांस का एक खास रेस्तरां, जहां मेहमानों को एक साथ 111 किस्म का चीज़ परोसा जाता है, वो भी 30 मीटर लंबी प्लेट में।

दक्षिणी फ्रांस के नारबोन शहर में स्थित ले ग्रां बुफे नाम का यह रेस्तरां दुनिया की सबसे बड़ी चीज़ प्लेट परोसने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स रिकॉर्ड अपने नाम कर चुका है। यहां कैमेम्बर्ट, रेब्लेशों, मोविए मारोय, रैकलेट जैसे मशहूर फ्रेंच चीज़ से लेकर ब्लू वेन्ड, सॉफ्ट, हार्ड और प्रेस्ड चीज़ तक, हर स्वाद के लिए विकल्प मिलते हैं।

### 37 साल पुरानी परंपरा, बुफे का भव्य अंदाज

यह ऑल यू कैन ईट बुफे रेस्तरां 1989 में लुई और जेन प्रिवा ने शुरू किया गया था। एक



तय कीमत पर यहां करीब 150 क्लासिक फ्रेंच डिशेज परोसी जाती हैं। खास बात यह है कि मेन्यू में 19वीं सदी के मशहूर शेफ ऑगस्ट एस्कोफिए की रेसिपी भी शामिल हैं। इस रेस्तरां में खाने की कीमत ऐसे लगा लीजिए कि यहां हर व्यक्ति लगभग को 67.50 यूरो (करीब 7,300 रुपये) में अनलिमिटेड खाने का ऑप्शन मिलता है।

रेस्तरां अपनी खास प्रेस्ड डक सेरेमनी के लिए भी जाना जाता है, जिसमें पारंपरिक तरीके से चीज़ की बतख तैयार की जाती है। हर साल यहां करीब 4 लाख ग्राहक आते हैं, और एडवांस बुकिंग कई महीनों पहले करनी पड़ती है। लगभग 300 करोड़ रुपये के सालाना टर्नओवर के साथ यह फ्रांस का सबसे ज्यादा कमाई करने वाला रेस्तरां है।

30 मीटर लंबी चीज़ प्लेट को एक खास तापमान-नियंत्रित कमरे में सजाया जाता है, ताकि हर चीज़ का स्वाद और बनावट बनी रहे। यहां मौजूद अनुभवी फ्रॉमाजर मेहमानों को चीज़ के साथ सही वाइन पेयरिंग की सलाह भी देते हैं, जिससे खाने का अनुभव और यादगार बन जाता है। कुल मिलाकर, चीज़ प्रेमियों के लिए यह रेस्तरां सिर्फ खाने की जगह नहीं, बल्कि फ्रेंच परंपरा और स्वाद का अनोखा मेल है।

# कड़ाही मसाला

खाना-खज़ाना

### सामग्री

- चिकन- 500 ग्राम
- 2 मध्यम प्याज (बारीक कटे हुए),
- 1 बड़ा प्याज
- 1 शिमला मिर्च (बड़े टुकड़ों में कटे हुए)
- 3 टमाटर (प्यूरी)
- पेस्ट- 1 चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट
- 3 चम्मच तेल या घी
- आधा चम्मच हल्दी
- 1 चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर
- आधा चम्मच गरम मसाला
- थोड़ी सी कसूरी मेथी
- फ्रेश क्रीम
- लंबा कटा अदरक और हरा धनिया।

### बनाने की रेसिपी

सबसे पहले एक कड़ाही में तेल गरम करें। इसमें चिकन के टुकड़े डालें और थोड़ा नमक और हल्दी डालकर तेज आंच पर 5-7 मिनट तक भूनें जब तक कि चिकन का रंग हल्का सफेद/सुनहरा न हो जाए। इसे निकालकर अलग रख लें।

उसी तेल में बारीक कटा प्याज डालें और सुनहरा होने तक भूनें।



अब इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें और कच्चापन निकलने तक पकाएं। इसके बाद टमाटर की प्यूरी, नमक, लाल मिर्च पाउडर और अपना तैयार किया हुआ कड़ाही मसाला डालें। जब मसाला तेल छोड़ने लगे, तब समझें कि यह तैयार है। अब इसमें भुना हुआ चिकन मिलाएं। आधा कप पानी डालें, ढक्कन लगाएं और धीमी आंच पर 10-12 मिनट तक पकने दें जब तक चिकन पूरी तरह गल न जाए।

अब एक अलग पैन में थोड़ा तेल लें और बड़े टुकड़ों में कटे प्याज और शिमला मिर्च को तेज आंच पर 2 मिनट टॉस करें। इन्हें चिकन में मिला दें। ध्यान रहे, इन सब्जियों को गलाना नहीं है, इनका क्रंच बरकरार रहना चाहिए। लास्ट में, इसमें गरम मसाला, कसूरी मेथी और बारीक कटा धनिया डालें। अगर आप इसे रिच बनाना चाहते हैं, तो एक चम्मच क्रीम या मक्खन भी डाल सकते हैं।

कड़ाही चिकन का असली मजा गरमा-गरम तंदूरी रोटी, बटर नान या लच्छा परांठा के साथ आता है। इसके साथ सिरके वाले प्याज और पुदीने की चटनी परोसें, तो स्वाद दोगुना हो जाएगा।

## आज का राशिफल

**मेष** : रोजगार में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गर्व-अहंकार को दूर करें। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा। साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे।

**वृषभ** : फालतू खर्च होगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाएगा। परिवार की चिंता रहेगी। आय से व्यय अधिक होंगे। अजनबियों पर विश्वास से हानि हो सकती है।

**मिथुन** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें। व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं। व्यवसाय में अड़चनें आएंगी।

**कर्क** : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है। यात्रा आज नहीं करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें। आपकी बुद्धिमत्ता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

**सिंह** : धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बचें। कार्य-व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। सामाजिक समारोहों में भाग लेंगे। सुकर्मों के लाभकारी परिणाम मिलेंगे।

**कन्या** : जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। खर्चों में कमी करें। सश्रम किए गए कार्य पूर्ण होंगे।

**तुला** : भ्रम की स्थिति बन सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होंगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्या हल हो सकेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें। रुका धन मिलेगा।

**वृश्चिक** : भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा। विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी। दुस्साहस न करें। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**धनु** : स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अच्छे लोगों से भेंट होगी जो आपके हितचिंतक रहेंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। नौकरी में पदोन्नाति के योग हैं। आलस्य से बचकर रहें। परिवार की मदद मिलेगी।

**मकर** : कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का माहौल बन सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं करें। महत्वपूर्ण कार्यों में हस्तक्षेप से नुकसान की आशंका है। परिवार में तनाव रहेगा। व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा।

**कुंभ** : पुराना रोग उभर सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा का शुभ योग होने के साथ ही कठिन कार्य में भी सफलता मिल सकेगी। रिश्तेदारों से संपत्ति संबंधी विवाद हो सकता है। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा।

**मीन** : पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी। आपके कार्यों को समाज में प्रशंसा मिलेगी। भागीदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# भारत में तेजी से पैर पसार रहा फैटी लिवर

### रिसर्च में सामने आई बड़ी वजह....

- अगर आप सोचते हैं कि शराब नहीं पीने से आपका लिवर एकदम सुरक्षित रहेगा, तो यह आर्टिकल आपकी नींद उड़ा सकता है। भारत में फैटी लिवर को लेकर एक नई और गंभीर चिंता सामने आई है। हाल ही में एक स्टडी में पता चला है कि देश में फैटी लिवर की समस्या लोगों को अपना तेजी से शिकार बना रही है।
- स्टडी में इसे अब मेटाबॉलिक डिसफंक्शन-एसोसिएटेड स्टीटोटिक लिवर डिजीज (MASLD) का नाम दिया गया। यानी मोटापा, हाई ब्लड शुगर, इंसुलिन रेजिस्टेंस, गलत खानपान, अनहेल्दी लाइफस्टाइल और मेटाबॉलिक के कारण भी फैटी लिवर की समस्या देखने को मिल रही है।
- द लैंसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया की हालिया स्टडी में इस बात का खुलासा हुआ है। फेनोम इंडिया कोहोर्ट में पब्लिश इस स्टडी के अनुसार, भारत में लगभग 38.9% एडल्ट्स को फैटी लिवर की समस्या है। अगर इसे नजरअंदाज किया जाता है, तो फैटी लिवर बढ़ने की वजह से लिवर स्टिफनिंग या फाइब्रोसिस की समस्या हो सकती है।

### मोटापा

भारत में बढ़ता मोटापा MASLD की सबसे बड़ी वजह है। आजकल हर किसी को काम की वजह से अपना ज्यादा समय मोबाइल या लैपटॉप स्क्रीन पर बिताना पड़ता है, जिससे वजन बढ़ने का खतरा बढ़ता है। वहीं, ज्यादा कैलोरी वाला खाना खाने से भी मोटापा बढ़ता है, जो सीधे लिवर पर असर डालता है।

### खानपान

बदलती लाइफस्टाइल के



कारण हमारा खानपान भी पूरी तरह बदल गया है। अब हम हेल्दी ऑप्शन्स को छोड़कर, फास्ट फूड या प्रोसेस्ड फूड्स को खाना ज्यादा पसंद करते हैं, जो सेहत के लिए हानिकारक साबित होता है। ज्यादा चीनी, मैदा और खराब तेल वाली चीजें खाने से लिवर में फैट की मात्रा बहुत बढ़ जाती है।

### डायबिटीज और इंसुलिन रेजिस्टेंस

लिवर खराब होने का एक बड़ा कारण इंसुलिन रेजिस्टेंस भी है। जब शरीर की कोशिकाएं इंसुलिन का सही इस्तेमाल नहीं कर पातीं, तो शरीर का फैट जमा होने के बजाय सीधे लिवर में पहुंचने लगता है। यही वजह है कि टाइप-2 डायबिटीज और मेटाबॉलिक सिंड्रोम के मरीजों में फैटी लिवर का खतरा सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। शुगर कंट्रोल करना लिवर की सेहत के लिए बेहद जरूरी है।

### फैटी लिवर से बचने के उपाय

फैटी लिवर जैसी समस्या से बचने के लिए हेल्दी आदतों को अपनाना बेहद जरूरी है। आप नीचे दिए गए इन कुछ आदतों को अपना सकते हैं।

### वजन पर रखें कंट्रोल

फैटी लिवर की समस्या से बचने के लिए वजन को कंट्रोल में रखें। वजन बढ़ने के कारण लिवर में चर्बी जमा होती है। इसलिए वजन को कंट्रोल में रखना लिवर की सेहत के लिए बहुत जरूरी है। साथ ही, इससे मेटाबॉलिज्म भी अच्छा होता है।

### हेल्दी डाइट

फैटी लिवर की समस्या से बचने के लिए आप अपनी डाइट में हेल्दी ऑप्शन्स, जैसे फल, हरी सब्जियां और साबुत अनाज को जरूर शामिल करें। वहीं, चीनी, मैदा और पैकेट बंद खाने से जितनी दूरी बनाएंगे, उतना आपके लिवर के लिए फायदेमंद है।

### नियमित व्यायाम करें

रोजाना एक्सरसाइज करने से शरीर में इंसुलिन बेहतर तरीके से काम करता है और लिवर का फैट कम होता है। इसलिए अपनी डेली रूटीन में फिजिकल एक्टिविटीज को जरूर शामिल करें।

# खाने के साथ ऐसे करें दही का सेवन

- **गायब हो जाएंगी ये बीमारियां**
- **हैरान करने वाले हैं फायदे**

भारतीय रसोई में दही का विशेष स्थान है. गर्मियों में ठंडक पहुंचाने से लेकर पाचन दुरुस्त रखने तक, दही को सेहत का खजाना माना जाता है. आयुर्वेद के साथ-साथ आधुनिक चिकित्सा पद्धति में भी दही के नियमित सेवन को फायदेमंद बताया गया है. इसमें कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन बी-12, पोटैशियम और प्रोबायोटिक्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं,

दरअसल रायबरेली जिले के राजकीय आयुष चिकित्सालय शिवगढ़ की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर स्मिता श्रीवास्तव बीएएमएस लखनऊ विश्वविद्यालय लोकल 18 से बात करते हुए बताती हैं कि दही का सेवन हमारे सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है क्योंकि इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो हमारे



शरीर को तरोताजा बनाए रखने में कारगर होते हैं.साथ ही इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट गुण हमारे पाचन तंत्र को सुदृढ़रण बनाए रखने में कारगर होते हैं.

दही में मौजूद प्रोबायोटिक्स आंतों के अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं. इससे गैस, अपच और कब्ज जैसी समस्याओं में राहत मिलती है.नियमित रूप से दही खाने से पेट साफ रहता है और पाचन क्रिया मजबूत होती है.

दही कैल्शियम का अच्छा स्रोत है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूती देता है. बढ़ती उम्र में हड्डियों की कमजोरी और जोड़ों के दर्द से बचाव के लिए दही का सेवन लाभकारी माना जाता है.

दही शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक है. इसमें मौजूद पोषक तत्व संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं.बदलते मौसम में नियमित दही का सेवन शरीर को बीमारियों से बचाने में सहायक हो सकता है.

दही का सेवन त्वचा को अंदर से पोषण देता है.इसके अलावा दही का फेस पैक या हेयर मास्क के रूप में भी उपयोग किया जाता है, जिससे त्वचा में निखार और बालों में मजबूती आती है.

जिन लोगों को लैक्टोज असहिष्णुता या बार-बार सर्दी की समस्या रहती है, उन्हें दही का सेवन सीमित मात्रा में और डॉक्टर की सलाह से करना चाहिए.संतुलित मात्रा में नियमित दही का सेवन सेहत को कई तरह से लाभ पहुंचा सकता है.

# सस्ते टमाटरों को रखें ताजगी के साथ पूरे साल

इन दिनों बाजार में टमाटरों की भरमार देखने को मिल रही है. सब्जी मंडियों में लाल-लाल ताजे टमाटर ढेरों में बिक रहे हैं और कीमत भी आम लोगों की पहुंच में है. ऐसे में अगर थोड़ी समझदारी दिखाई जाए तो इन टमाटरों को लंबे समय तक स्टोर कर सालभर रसोई में इस्तेमाल किया जा सकता है. खासकर गृहिणियों के लिए यह मौका बचत और सुविधा दोनों लेकर आया है.

सबसे आसान तरीका है टमाटरों की प्यूरी बनाकर स्टोर करना.इसके लिए पके हुए टमाटर धोकर काट लें और हल्का उबाल लें. ठंडा होने पर मिक्सी में पीसकर प्यूरी तैयार कर लें.अब इसे छानकर एयरटाइट डिब्बों या छोटे-छोटे कंटेनर में भरकर फ्रीजर में रख दें.जरूरत पड़ने पर सीधे निकालकर सब्जी, ग्रेवी या सूप में इस्तेमाल किया जा सकता है.

टमाटर को काटकर फ्रीज करना - टमाटरों को धोकर सुखा लें और टुकड़ों में काट लें. इन्हें एक



ट्रे में फैलाकर पहले फ्रीज में रख दें ताकि टुकड़े आपस में चिपके नहीं.जब ये सख्त हो जाएं तो पॉलीबैग या कंटेनर में भरकर स्टोर कर लें. इससे 6 से 8 महीने तक टमाटर खराब नहीं होते.

अगर आप बिना फ्रीज के स्टोर करना चाहते हैं तो टमाटर सॉस या टमाटर का गाढ़ा पेस्ट बनाकर कांच की बोतलों में भर सकते हैं. पेस्ट बनाते समय थोड़ा नमक और तेल डाल दें, इससे यह ज्यादा समय तक सुरक्षित रहता है. बोतल को अच्छी तरह उबालकर सुखा लें, तभी उसमें पेस्ट भरें.इससे टमाटर 4 से 6 महीने तक आराम से चल सकते हैं.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### आगरा में चौकी इंचार्ज के घर चोरी

**आगरा.** आगरा में रविवार को चोरी और पारिवारिक विवाद से जुड़े दो अलग-अलग मामलों ने पुलिस और प्रशासन को सक्रिय कर दिया। एक ओर जहां ट्रांस यमुना कॉलोनी फेस-दो में चोरों ने दरोगा के किराए के घर को निशाना बनाते हुए करीब 40 लाख रुपये की बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया, वहीं दूसरी ओर शमसाबाद क्षेत्र में पत्नी के प्रेमी के साथ रहने का मामला सामने आने के बाद पारिवारिक विवाद पुलिस तक पहुंच गया। पहली घटना एत्मादुद्दौला थाना क्षेत्र की ट्रांस यमुना कॉलोनी फेस-दो की है, जहां थाना छत्ता की डिवीजन चौकी इंचार्ज दरोगा रॉबिन सिंह पिछले छह महीने से किराए पर रह रहे थे। घटना के समय वह ड्यूटी पर थे और उनकी पत्नी प्रसव के बाद मायके में थीं। रविवार तड़के करीब 2:50 बजे नकाबपोश बदमाश सरिये से मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में घुस गए। आरोप है कि बदमाशों ने घर में प्रवेश करते ही सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए, ताकि उनकी पहचान न हो सके। साथ ही मकान मालिक के बेटे सूरज को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया गया।

### सुलझ नहीं पा रही दरोगा अजय कुमार गौड़ की मौत की गुत्थी

**बस्ती.** यूपी के बस्ती के परसरामपुर थाने के एसएसआई अजय कुमार गौड़ की मौत को लेकर पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। रविवार को एसपी के आदेश पर एएसपी बस्ती श्यामकांत दरोगा के परिवार से मिलने उनके मूड़ाडीह थाना कोतवाली, जनपद देवरिया स्थित आवास पर पहुंचे। एसपी बस्ती ने बताया कि इस दौरान मृतक के परिवार के लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर विश्वास जताया। उन्होंने परिवाार से निरंतर संवाद बनाये रखते हुए सहयोग करने की बात की कही। एएसपी ने परिवार को अब तक की गई कार्रवाई से अवगत कराया। इस दौरान दरोगा के परिवार ने पुलिस को कई प्रश्नों और आशंकाओं से अवगत कराते हुए इन बिन्दुओं पर भी गहनता से जांच करने की मांग की। एएसपी ने परिवार को आश्वासन दिया कि उनके बताये गये बिन्दुओं पर संवेदनशीलता और गहनता से जांच की जाएगी।

### कलेक्ट्रेट में डीजल लेकर पहुंच गए सगे भाई

**कानपुर.** कानपुर कलेक्ट्रेट में सुबह करीब 10 बजे कानपुर देहात के मैथा क्षेत्र निवासी सगे भाई पदम सिंह और मोती सिंह ने अपने ऊपर डीजल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। घटना से परिसर में अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को रोकने की कोशिश की और उनके हाथ से डीजल की पिपिया छीन ली। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई।

### डकैतों ने की पिता की हत्या, बेटे को किया घायल

**श्रावस्ती.** श्रावस्ती जिले में डकैती और हत्या की सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के भजोरेपुरवा गांव में रविवार देर रात चार नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर किसान नेमराज पाठक की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी, जबकि उनके बेटे सुनील पाठक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश घर में रखे सोने-चांदी के जेवर, नकदी और अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद गांव में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित भजोरेपुरवा गांव निवासी नेमराज पाठक अपने बेटे सुनील और बहू लक्ष्मी के साथ गांव से थोड़ा बाहर बने मकान में रहते थे। उनकी पत्नी का करीब पांच साल पहले निधन हो चुका था।

# मैं नेहरू और राजीववादी हूं, पर राहुलवादी नहीं

- **मणिशंकर अय्यर हो गए फायर, किसी को नहीं छोड़ा**

**नई दिल्ली.** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर अपने विवादित बयानों के लिए चर्चित रहे हैं, लेकिन सोमवार को उनकी बातों ने पार्टी को ही असहज कर दिया। एक तरफ उन्होंने केरल में पिनराई विजयन के फिर से मुख्यमंत्री बनने की भविष्यवाणी कर दी तो वहीं राहुल गांधी को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि वह गांधीवादी, नेहरूवादी और राजीववादी हैं, लेकिन राहुलवादी नहीं हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसा कि वह तो भूल गए कि अय्यर पार्टी के सदस्य हैं। अय्यर ने डॉ. अंबेडकर की जीवनी का हवाला भी दिया। आज केसी वेणुगोपाल को इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली हुई है। पवन खेड़ा जैसे आदमी को पार्टी का आधिकारिक प्रवक्ता बना रखा है। आखिर पार्टी इतनी बड़ी मूर्खता कैसे कर सकती है, वह तो एक कठपुतली हैं।

अय्यर ने कहा, 'मिस्टर राहुल गांधी भूल गए हैं कि मैं कांग्रेस में हूं। इसलिए मैं नेहरू वादी, राजीववादी हूं, लेकिन राहुलवादी नहीं हूं। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि कांग्रेस की हालत क्या है। केसी वेणुगोपाल जैसे शख्स को वह जिम्मेदारी दी गई है, जो कभी सरदार पटेल के पास थी।' केरल



विधानसभा चुनाव से पहले कम्युनिस्ट पार्टी के नेता और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के फिर से सत्ता में लौटने की भविष्यवाणी कर दी। उन्होंने कहा कि मैं एक कांग्रेसी नेता के तौर पर चाहूंगा कि यूडीएफ की जीत हो और सत्ता मिले। लेकिन एक गांधीवादी के तौर पर कहूंगा कि पिनराई विजयन फिर से सत्ता में लौट सकते हैं। उनके काम को केरल के लोग पसंद कर रहे हैं। मैं झूठ नहीं बोलना चाहता।

उन्होंने कहा कि आखिर ऐसे दल को कौन वोट देना चाहेगा, जिसमें नेता आपस में लड़ रहे हैं। एक-दूसरे के गले काटने को तैयार हैं। क्या ये चीजें जनता को नहीं पता हैं।

मणिशंकर अय्यर ने कहा कि एक समय पर वह कांग्रेस भी थी, जब किसी फैसले को माना जाता था। नेहरू पीएम बने तो सबने स्वीकार किया। यदि सुभाष चंद्र बोस की विमान हादसे में मौत नहीं होती तो वह शायद राष्ट्रपति बनते।

### स्टालिन ही हो सकते हैं। INDIA ब्लॉक के अध्यक्ष

इस दौरान उन्होंने तमिलनाडु के नेता एमके स्टालिन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि स्टालिन ने सूट-बूट की सरकार या फिर वोट चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे नहीं दिए। उन्होंने जरूरी मुद्दे उठाए और सरकार बनाई। यही नहीं अय्यर ने कहा कि INDIA ब्लॉक का अध्यक्ष यदि किसी नेता को बनना चाहिए तो वह एमके स्टालिन ही हो सकते हैं। तंज कसते हुए अय्यर ने कहा कि यदि पवन खेड़ा ही मुझे कांग्रेस से बाहर करेंगे तो मैं खुद ही बाहर निकल जाऊंगा और उसे पीछे से लात मारूंगा।

### 'पवन खेड़ा प्रवक्ता हैं, इससे समझिए कांग्रेस की हालत क्या है'

उन्होंने कहा कि पवन खेड़ा जैसे नेता आज कांग्रेस के आधिकारिक प्रवक्ता हैं। इससे समझा जा सकता है कि इन दिनों कांग्रेस की हालत क्या है। उन्होंने कहा कि पवन खेड़ा से पूछना चाहिए कि आखिर पिनराई विजयन से यहां केरल में दुश्मनी है और दिल्ली में दोस्ती है। पूर्व सांसद ने कहा कि पवन खेड़ा तो सिर्फ एक कठपुतली हैं। वह वही बात कहते हैं, जो उन्हें जयराम रमेश बता देते हैं। वह कोई प्रवक्ता नहीं हैं बल्कि तोता हैं।

# भारतीय सेना भगवान शंकर से प्रेरणा लेती है

- **लोगों की मदद भी करती है और जरूरत पर ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई भी**

**कोयंबटूर.** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना भगवान शिव से प्रेरणा लेती है। उन्होंने कहा कि जैसे भगवान शिव सुरक्षा और विनाश दोनों के प्रतीक हैं, वैसे ही आज हमारी सेनाएं निडरता और धैर्य दोनों रखती हैं।

रक्षामंत्री ने कहा कि एक तरफ, वे संकट के समय शिव की भावना से मानवीय सहायता देते हैं, दूसरी तरफ, जब जरूरत होती है, तो वे रुद्र की तेजी से ऑपरेशन सिंदूर जैसे ऑपरेशन करते हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रयान और आदित्य-L1 जैसे भारत के स्पेस मिशन सिर्फ टेक्नोलॉजिकल अचीवमेंट नहीं हैं, बल्कि यह एक पुरानी साइंटिफिक विरासत का मॉडर्न एक्सप्रेशन है।

राजनाथ सिंह रविवार को ईशा फाउंडेशन के महाशिवरात्रि कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सद्गुरु जग्गी वासुदेव के साथ कुछ लोगों



"हमारे व्रत, त्योहार और शुभ समय सटीक साइंटिफिक कैलकुलेशन से तय होते हैं। आज, चंद्रयान और दूसरे स्पेस प्रोग्राम जैसे मिशन हमारी पुरानी साइंटिफिक विरासत का मॉडर्न एक्सप्रेशन हैं, जहां परंपरा और टेक्नोलॉजी एक साथ आगे बढ़ते हैं।

**राजनाथ सिंह**
रक्षामंत्री

को सम्मानित भी किया।

भगवान शिव शुरुआत, हमेशा रहने वाले और अनंत हैं। शिव सत्य हैं और जो भी सत्य है वह शिव है। ऐसा माना जाता है कि ये वेल्लंगिरी पहाड़ियां शिव की पवित्र गुफा हैं, जिन्हें दक्षिण का कैलाश कहा जाता है।

चंद्रयान और आदित्य-L1 जैसे भारत के स्पेस मिशन सिर्फ टेक्नोलॉजिकल अचीवमेंट नहीं हैं, बल्कि यह एक मॉडर्न एक्सप्रेशन है कि पुरानी साइंटिफिक भावना हमेशा से हमारी कल्चरल पहचान का हिस्सा रही है।

जैसे हम स्पेस में सैटेलाइट भेजते हैं, वैसे ही हम अपने साइंटिफिक कल्चर को भी आगे बढ़ा रहे हैं। नेशनल सिक्योरिटी भारत के सैनिकों के हथियारों, टेक्नोलॉजी और फिजिकल ताकत से जुड़ी होती है।

हिमंता शूटिंग वीडियो मामला

## सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ वायरल वीडियो पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। वीडियो में सीएम को एक खास समुदाय के सदस्यों पर राइफल से निशाना साधते और फायरिंग करते हुए दिखाया गया था।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने पिटीशनर्स से गुवाहाटी हाई कोर्ट जाने को कहा। हालांकि कोर्ट ने कहा कि चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया है, ये ठीक नहीं है।

असम में आने वाले विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि समस्या यह है कि चुनाव का एक हिस्सा उससे पहले लड़ा जाता है।

# भुवनेश्वर में छत पर धमाका

- **CCTV में घटना कैद**
- **बदला लेने के लिए बम बना रहा था परिवार**
- **4 लोग बुरी तरह झुलसे, दो की मौत**

**भुवनेश्वर.** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के आजाद नगर में 27 जनवरी को एक घर की छत पर जोरदार धमाका हुआ। इसका CCTV फुटेज अब सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, मां-बेटा सहित 4 लोग किसी से बदला लेने के लिए छत पर बम बना रहे थे। इसी दौरान ब्लास्ट हो गया।

इससे चारों लोग बुरी तरह झुलस गए। इनमें दो की मौत हो गई है। पूरी घटना पास में लगे CCTV में कैद हो गई। इसमें दिखा की छत पर 4 पानी की टंकियां लाइन से रखी हैं। टंकियों के पीछे अचानक से धमाके के साथ धुएं का गुबार उठा। फिर झुलसे लोग एक-एक कर भागते नजर आए।

घायल हुए लोगों की पहचान शहनवाज मलिक (26), उसकी मां लिलातुन बीबी, मंगेतर तृप्तिमयी महल (23) और दोस्त अमीया मल्लिक (27) के रूप में हुई। शहनवाज मलिक और उसकी मां की मौत हो गई है। वहीं दो अन्य अभी जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।



### शहनवाज बदला लेने की नियत से बम बना रहा था

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शहनवाज एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी होता है। उसका लंबा आपराधिक रिकॉर्ड था। वह किसी बदला लेने की नियत से छत पर देसी बम बना रहा था। उस वक्त पर परिवार के सदस्य भी उसके पास ही मौजूद थे।
धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस अब CCTV फुटेज के आधार पर पूरी घटना की जांच कर रही है।

### NIA ने मामले की जांच शुरू की

घटना की गंभीरता को देखते हुए, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने इस मामले को अपने हाथ में ले लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को घटनास्थल से गनपाउडर मिला है, जिससे बम बनाने की गतिविधि की आशंका और बढ़ गई है।

# फैक्ट्री में धमाका, 8 लोग जिंदा जले

- **अवैध रूप से बन रहे थे पटाखे**
- **पॉलीथीन में इकट्ठे किए गए बॉडी पार्ट्स**

**भिवाड़ी.** राजस्थान के भिवाड़ी की केमिकल फैक्ट्री में अचानक तेज धमाका हुआ। इसमें 8 मजदूर जिंदा जल गए, जबकि 4 गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें दिल्ली एम्स रेफर किया गया है।

इस फैक्ट्री में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। मौके से बारूद, पटाखे और पैकिंग के डिब्बे मिले हैं।

हादसा खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। घटना के



समय करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे। शव बुरी तरह जल गए थे। कई शवों के कंकाल भर बचे थे। बॉडी पार्ट्स के टुकड़े बिखरे मिले। रेस्क्यू टीम ने इन टुकड़ों को पॉलीथीन में इकट्ठा किया।

कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने कहा- देखकर लग रहा है कि छोटा एक्सप्लोसिव मटेरियल था। गैस रिसाव नहीं था।

एडीएम सुमिता मिश्रा के अनुसार, फैक्ट्री मालिक का नाम राजेंद्र है। उन्होंने किसी तिवारी को यह फैक्ट्री लीज पर दी थी। दोनों से संपर्क नहीं हो पाया है।

वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली। मंत्री ने खैरथल-तिजारा कलेक्टर अर्तिका शुक्ला और एसपी मनीष कुमार को मामले में जांच के निर्देश दिए। साथ ही मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

### बिहार में खुले में मांस बेचने पर लगी रोक

**पटना.** बिहार में खुले में मांस-मछली बेचने पर रोक लगा दी गई है। अब लाइसेंस प्राप्त वैध मीट शॉप पर ही मांस की बिक्री होगी। नीतीश सरकार ने इस संबंध में नियमों को सख्त कर दिया है। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को बिहार विधान परिषद के बजट सत्र के दौरान सदन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य और जनभावना को देखते यह फैसला लिया गया है। बिहार के सभी नगर निकायों में यह व्यवस्था लागू की होगी। अवैध मीट शॉप चलाने वालों पर ऐक्शन भी होगा। नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय सिन्हा ने सोमवार को विधान परिषद में अपने संबोधन में कहा कि पिछले दिनों दरभंगा में जनसंवाद के दौरान उन्हें विभिन्न वर्गों से इस बारे में शिकायत मिली थी।

# पीने के पानी से मर गए 12 लोग

- **हरियाणा में भी इंदौर जैसा कांड!**
- **सैकड़ों बीमारों की हो रही जांच**

**पलवल.** इंदौर में जहरीले पानी पीने की वजह से हुई मौतों के बाद हरियाणा के पलवल में भी संक्रमित पानी की वजह से कई लोगों की जान चली गई है। जानकारी के मुताबिक पिछले दो सप्ताह में ही कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है जिसमें पांच बच्चे भी शामिल हैं। इनमें से चार लोगों की मौत हेपेटाइटिस-बी के कारण बताई गई है।



राज्य स्वास्थ्य विभाग की टीम रक्त के नमूने और अन्य नमूने एकत्र कर जांच कर रही है। जिन मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने की आवश्यकता थी, उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छयांसा गांव की कुल जनसंख्या 5700 के करीब है। यहां एक मेडिकल टीम तैनात की गई है जो कि डोर टु डोर जाकर लोगों का चेकअप और स्क्रीनिंग कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक 27 जनवरी से 11 फरवरी के बीच सात लोगों की मौत हुई थी। इनमें से चार की मौत लिवर फेल हो जाने की वजह से हुई। मरने वालों की आयु 9 साल से लेकर 65 साल तक थी। ज्यादातर लोगों ने बुखार, पेट में दर्द, दस्त और सिरदर्द की शिकायत की थी।

### हेपेटाइटिस-बी से संक्रिमत पाए गए कई लोग

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पलवल जिले के हथीन उपमंडल के छांयसा गांव में लोगों की जांच करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की एक टीम तैनात की गयी है। गांव में 400 से अधिक लोगों की जांच की गई है। हालांकि, कुछ ग्रामीणों का दावा है कि मृतकों की संख्या इससे अधिक है और इनमें कुछ युवा भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में से चार लोग हेपेटाइटिस-बी से संक्रमित पाए गए। अन्य तीन मामलों में मौत के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल खाद्य विषाक्तता और दूषित पेयजल की संभावना से भी इनकार नहीं किया गया है। हेपेटाइटिस-बी एक गंभीर यकृत संक्रमण है, जो हेपेटाइटिस-बी वायरस (एचबीवी) के कारण होता है।

# पाकिस्तान की हार पर सहवाग बोले- फुल कंबल कुटाई



भारत ने टी-20 वर्ल्डकप में रविवार को पाकिस्तान को 61 रन से हरा दिया। इसमें ओवर ईशान किशन ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 40 बॉल पर 77 रन की पारी खेली। इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत की जीत और ईशान की पारी के बाद सचिन तेंदुलकर से लेकर अमित शाह तक कई दिग्गजों ने टीम को बधाई दी।।

वहीं, पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने मैच के बाद तंज कसते हुए इसे फुल कंबल कुटाई बताया। वहीं दिल्ली पुलिस ने भी मजेदार अंदाज में पोस्ट करते हुए लिखा, गलत जगह यू-टर्न लोगे तो यूं ही मुंह की खाओगे।

### भारत ने धूम मचा दी- सचिन

सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, पावरप्ले ही वो दौर रहा जहां भारत ने मुकाबले को पूरी तरह अपने कब्जे में कर लिया। पहली पारी में ईशान किशन की दमदार बल्लेबाजी ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई, जबकि दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों की सटीक और अनुशासित गेंदबाजी ने मैच पर शिकंजा कस दिया। शुरुआत से ही टीम ड्राइविंग सीट पर नजर आई और अंत तक दबदबा बनाए रखा। भारत ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले में पूरी तरह धूम मचा दी।

### भारत का हर डिपार्टमेंट में बेहतर प्रदर्शन- सहवाग

वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, ईशान किशन ने सच में धुरंधर बल्लेबाज की तरह खेल दिखाया। उनकी पारी ने मैच का रुख ही बदल दिया। भारत के सामने पाकिस्तान की टीम काफी दबाव में नजर आई और टी-20 क्रिकेट के तेज अंदाज के मुकाबले उनका खेल थोड़ा पुराना और धीमा लगा। नतीजा यह रहा कि उन्हें एकतरफा हार का सामना करना पड़ा। टीम इंडिया ने हर डिपार्टमेंट में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पूरी तरह दबदबा बनाए रखा और मुकाबला अपने नाम किया। पूरी तरह कंबल कुटाई।

# रोहित शेट्टी फायरिंग केस में हरियाणा से 4 आरोपी गिरफ्तार

- **मुख्य शूटर हरि बॉक्सर और आरजू के संपर्क में था**
- **अब तक 11 अरेस्ट**

**मुंबई.** मुंबई में फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर पर 31 जनवरी को पांच राउंड फायरिंग हुई थी। इस मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच और हरियाणा के झज्जर की बहादुरगढ़ स्पेशल टास्क फोर्स (STF) ने संयुक्त ऑपरेशन के तहत हरियाणा के बहादुरगढ़ से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों को मुंबई लाने की तैयारी है।

हरियाणा STF के एसपी विक्रांत भूषण ने बताया कि मुंबई में रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग की घटना के बाद मुंबई पुलिस की एंटी-एक्सटॉर्शन सेल ने उनसे संपर्क किया था। इसके बाद हरियाणा STF




और मुंबई पुलिस ने मिलकर बहादुरगढ़ से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनका नाम ऋतिक यादव, दीपक, सनी और सोनू है। सभी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।

उन्होंने आगे बताया कि दीपक मुख्य शूटर था, जो विदेश में बैठे हरि बॉक्सर और आरजू के संपर्क में था। उसी ने रोहित शेट्टी के घर पर गोली चलाई थी। वहीं, उसके साथी सन्नी और सोनू ने घर के बाहर रेकी की थी। आरोपी ऋतिक ने दीपक और उसके साथियों को छिपने में मदद की।

सभी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, एमपीए की धारा 37(1), 37(2) और 3, 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। अब तक रोहित शेट्टी फायरिंग मामले में करीब 11 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### मैटरनिटी फोटोशूट में बिजी थी मां, वाटर पूल में गिरने से बेटे की मौत



**बेंगलुरु.** बेंगलुरु में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां तीन साल के बच्चे की मौत वाटर पूल में गिरने से हो गई। मां की मैटरनिटी फोटोशूट में बिजी थी। बच्चे का नाम लक्ष्मी था, जो चरण और स्वाति का बेटा था। स्वाति 8 महीने की गर्भवती थी और वह अपने दूसरे बच्चे के आने की तैयारी में मैटरनिटी फोटोशूट करवा रही थी। यह घटना शनिवार को बेंगलुरु के गिद्दनहल्ली इलाके में एक प्राइवेट स्टूडियो में हुई, जहां फोटोशूट के लिए छोटा सा आर्टिफिशियल वाटर पूल बनाया गया था। बच्चा मां के साथ स्टूडियो में मौजूद था और खेलते-खेलते वह इस पूल में फिसलकर गिर गया।


### आम सूचना

मैं मिस गिरीशा जेठो चांडवाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप नं. 40, 255 चौ.फुट, ए बिल्डिंग, सीमा अपार्टमेंट, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 24बीआय017157200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कौशलिया परमानंद चांडवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 6.1.2026 सी.नं. 90 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**मिस गिरीशा जेठो चांडवाणी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती शालन गोविंद आगलावे सभी को सूचित कर रही हूं कि हाफ पोर्शन ऑफ हाउस, एरिया 9 x 18 1/2 चौ.फुट, सामने बैरक नं. 713, रुम नं. 16, हास्पीटल एरिया, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 26बीओ019715000) उक्त प्रॉपर्टी श्री अधव तुलसीदास कुकरेजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.1.2026 सी.नं. 26 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती शालन गोविंद आगलावे**

### आम सूचना

मैं श्रीमती मायाकौर हरूसिंघ लबाना सभी को सूचित कर रही हूं कि हाऊस, सामने बैरक नं. 122, तेजूमल चक्की के पास, न्यू धोबीघाट, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 05एओ014353600) उक्त प्रॉपर्टी श्री विक्रम इंदरसिंघ लबाना के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 5.1.2017 सी.नं. 948 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मायाकौर हरूसिंघ लबाना**

### आम सूचना

मैं श्री रवि बलराम गोपलाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 202, 2रा माला, कैलाश अपार्टमेंट, बैरक नं. 196 के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 17एआय015992100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती टीना किशोर रामचंदाणी के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 11.2.2026 सी.नं. 361 मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रवि बलराम गोपलाणी**

### आम सूचना

हम श्री शिवप्रकाश शारदाप्रसाद यादव व श्रीमती नीता शिवप्रकाश यादव सभी को सूचित कर रहे हैं कि हाऊस, 500 चौ.फुट, सपना गार्डन के पीछे, सामने गुरुदेव को.आप. हाउसिंग सो., भोजवानी ऑटो गैरेज के पास, म्युनिसिपल सर्वे नं. 400, यूनं. 202, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 28बीआय005015100(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री अमृत महेंद्र भानूशाली व श्रीमती देवकी महेंद्र भानूशाली के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 9.2.2026 सी.नं. 120 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री शिवप्रकाश शारदाप्रसाद यादव व श्रीमती नीता शिवप्रकाश यादव**

## संक्षेप...

### यौन शोषण के मामले में आरोपी को 20 साल की सजा

#### 7 साल बाद आया कोर्ट का फैसला

**कल्याण.** कल्याण की विशेष पोक्सो अदालत ने 29 वर्षीय हनुमंत उर्फ बालू दत्तात्रेय उबाले को नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी ठहराते हुए 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है, और 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं भरपाने की एवज में दोषी को एक साल अतिरिक्त साधारण सज़ा काटनी होगी।

पुलिस के अनुसार साल 2019 में डोंबिवली के मानपाड़ा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ यौन शोषण की घटना हुई थी। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर मानपाड़ा पुलिस ने हनुमंत उर्फ बालू उबाले के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में जांच अधिकारी एपीआई भास्कर सूर्य ने सारे सबूत इकट्ठा कर कोर्ट में पेश किए। लगभग 7 साल बाद 11 फरवरी 2026 को न्यायधीश वी.ए.पत्रावले ने गवाहों और सबूतों के आधार पर आरोपी हनुमंत उबाले को दोषी ठहराते हुए 20 साल कारावास की सख्त सज़ा सुनाई.

# आज PM मोदी मुंबई दौरे पर

- फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से करेंगे मुलाकात
- ट्रैफिक में हुए ये बड़े बदलाव

**मुंबई.** 17 फरवरी 2026 को मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मुलाकात होने जा रही है. बताया जा रहा है कि इस मुलाकात से भारत-यूरोप संबंधों को नई दिशा मिलने वाली है. रक्षा, इंडो-पैसिफिक और टेक्नोलॉजी सहयोग इस बातचीत के प्रमुख एजेंडा माने जा रहे हैं.

PM मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति की इस खास मुलाकात के चलते मुंबई में कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं. इसके साथ-साथ ट्रैफिक पुलिस ने भी लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है.

सुरक्षा और सुचारू व्यवस्था के लिए 17 फरवरी 2026 को सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक वाकोला फ्लाईओवर से दहिसर टोल नाका के बीच वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे की उत्तर और दक्षिण, दोनों दिशाओं की लेन पर सभी भारी मोटर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी. एंबुलेंस,



फायर ब्रिगेड, पुलिस और वीवीआईपी सुरक्षा वाहनों को छोड़कर बाकी सभी वाहन पर प्रतिबंध लगाया गया है.

मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और असुविधाओं से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें. डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस अजीत बोरहाडे ने मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 115 के तहत यह अधिसूचना जारी की है.

पुलिस ने चेतावनी दी है कि ट्रैफिक प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ Motor Vehicles Act, के तहत कार्रवाई की जाएगी. मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे दौरे के दिन ट्रैफिक निर्देशों का पालन करें और असुविधा से बचने के लिए प्रशासन का सहयोग करें.

# ठाणे ट्रैफिक पुलिस का स्मार्ट फैसला

**ठाणे.** ईस्टर्न एक्सप्रेसवे पर पुल के काम की वजह से मुंबई जाने वाली फोर-लेन सड़क को घटाकर दो लेन कर दिया गया था, जिससे बड़ा ट्रैफिक जाम लगने की संभावना थी। डर था कि ठाणे वालों को सुबह के रश आवर में रोज़ाना आने-जाने में बहुत परेशानी होगी। लेकिन, ठाणे ट्रैफिक पुलिस ने मुस्तैदी प्लानिंग और बोल्ड फैसले लेकर इस समस्या को काफी हद तक कंट्रोल में कर लिया है।ट्रैफिक विभाग ने हालात को करीब से देखने के बाद पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे और ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाठ की गाइडेंस में सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच पीक रश आवर में 'रिवर्स लेन' शुरू करने का फैसला किया। इसके मुताबिक मुंबई से ठाणे आने वाली एक लेन को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया था और उसे ठाणे से मुंबई जाने वाली गाड़ियों के लिए खोल दिया गया।इस नए तरीके की वजह से मुंबई की तरफ ट्रैफिक आसान हो गया है और गाड़ियों की लंबी लाइनें अब खत्म हो गई हैं।पहले घोड़बंदर, कल्याण और शहर के अलग-अलग हिस्सों से आने वाली गाड़ियां एक्सप्रेसवे पर फंस जाती थीं। कई लोगों को काम पर पहुंचने के लिए ज़्यादा समय देना पड़ता था। ट्रैफिक पुलिस की यह प्लानिंग की वजह से अब ड्राइवरों को राहत मिली है।इस एक्सपेरिमेंट को लागू करने में ट्रैफिक पुलिस को बहुत मेहनत करनी पड़ रही है। उन्हें सड़क पर खड़े होकर गाड़ियों को कंट्रोल करना है, लोगों को सही दिशा दिखानी है और अचानक आने वाली मुश्किलों को कंट्रोल करना है।

### कोंकण खोरे विकास महामंडल के तहत मंज़ूर

# सिंचाई प्रोजेक्ट्स का काम तेज़ी से पूरा करें-जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन

**ठाणे.** जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन ने हाल ही में निर्देश दिए कि कोंकण खोरे विकास महामंडल के तहत मंज़ूर सिंचाई प्रोजेक्ट्स का काम तेज़ी से और तय समय में पूरा किया जाए।11 फरवरी को ठाणे में कोंकण खोरे विकास महामंडल के ऑफिस में मंत्री महाजन की अध्यक्षता में हुई रेगुलेटरी बोर्ड की मीटिंग में कोंकण सिंचाई कॉर्पोरेशन के अलग-अलग कामों को मंज़ूरी दी गई।इस मीटिंग में जल संसाधन विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी दीपक कपूर, सेक्रेटरी संजय बेलसारे, कोंकण खोरे विकास महामंडल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अतुल कपोले, विदर्भ सिंचाई डेवलपमेंट



कॉर्पोरेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजेश सोनटक्के और अलग-अलग रीजनल अधिकारी मौजूद थे। साथ ही, फाइनेंस डिपार्टमेंट और प्लानिंग डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने दुर्दुष्य सिस्टम के ज़रिए हिस्सा लिया मंत्री महाजन ने अलग-अलग सिंचाई प्रोजेक्ट्स के काम का रिव्यू किया। उन्होंने कहा कि रेगुलेटरी बोर्ड की मीटिंग में मंज़ूर किए गए कामों से सिंचाई का एरिया बढ़ेगा, इसलिए इन कामों को तेज़ी से और तय समय में पूरा करना ज़रूरी है। साथ ही, मंत्री महाजन ने सभी अधिकारियों और एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे इस बात का ध्यान रखें कि फाइनेंशियल ईयर में मिले फंड का 100 परसेंट खर्च हो।इस मौके पर, कोंकण सिंचाई डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के तहत देहरजी प्रोजेक्ट, कालू प्रोजेक्ट, बालगंगा, हरिहरेश्वर प्रोजेक्ट, पोशीर प्रोजेक्ट, शेलार प्रोजेक्ट वगैरह का रिव्यू किया गया। मंत्री गिरीश महाजन ने मुंबई शहर के लिए बड़े वॉटर सप्लाई प्रोजेक्ट्स के काम में तेज़ी लाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने एडमिनिस्ट्रेटिव तौर पर मंज़ूर प्रोजेक्ट्स को भी तेज़ी से पूरा करने का निर्देश दिया।

# श्री कोपनेश्वर मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब



**ठाणे.** शहर में स्थित कोपनेश्वर महादेव मंदिर 600 साल से भी ज़्यादा पुराना है। मंदिर में विराजमान शिवलिंग का निर्माण 1760 में रामजी बिवलकर ने करवाया था, जिन्हें महादेव नगर पुराण पुरुष या ग्राम देवता के रूप में जाना जाता है।मंदिर के अध्यक्ष मकरंद रेगे और सचिव रवींद्र उतेकर ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर के पुजारी विनायक गाडे के हाथों पहली पूजा की गई, जिसके बाद ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर का द्वार आम लोगों के लिए खोल दिया गया।भगवान कोपनेश्वर की पूजा करने के लिए ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महाशिवरात्रि पर्व पर से लाखों की संख्या में भक्तों ने भोलेनाथ की पूजा अर्चना की।मंदिर में अधिकारियों और राजनीतिक पार्टियों के लोगों ने भी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज़ से प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड और पुलिस भी तैनात की गई थी। इस अवसर पर ट्रस्ट के अनिकेत भावे सहित सभी पदाधिकारियों ने शहर में स्थित मंदिर की व्यवस्था संभाली।हजूरी परिसर में काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के प्रांगड़ में स्थित भगवान शिव का पूजा अर्चना भक्तों ने किया। तीन हात नाका स्थित पिपलेश्वर महादेव नागदेवता शिव मंदिर ट्रस्ट के धर्मेंद्र तिवारी, गुड्डु सिंह,राकेश रोहिदास आदि की मदद से दर्शनार्थियों के लिए पूजा और जलपान की व्यवस्था की गई।

### सिविल अस्पताल में 'वर्ल्ड यूनानी डे' मनाया गया

**ठाणे.** स्वास्थ्य हित समाज बनाने के लिए पारंपरिक और आधुनिक स्वास्थ्य तकनीक के बीच बैलेंस बनाना ज़रूरी है। यूनानी दवा शरीर, मन और लाइफस्टाइल को मिलाकर इलाज करती है। इसलिए लोगों को इस तरीके का पूरा फ़ायदा उठाना चाहिए यह बात सिविल सर्जन डॉ. कैलाश पवार ने कहा।सिविल अस्पताल में 'वर्ल्ड यूनानी डे' जोश के साथ मनाया गया।यह दिन मशहूर यूनानी डॉक्टर हकीम अजमल खान की जयंती पर मनाया जाता है।उनके काम की याद में और यूनानी इलाज के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, आयुष मंत्रालय पूरे देश में कई प्रोग्राम करता है। इस प्रोग्राम के ज़रिए यूनानी दवा की ऐतिहासिक विरासत, इसके साइंटिफिक आधार और मॉडर्न हेल्थ सिस्टम में इसके योगदान के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।प्रोग्राम में डायबिटीज़, मोटापा, स्किन की बीमारियाँ, जोड़ों के दर्द जैसी लाइफ़स्टाइल से जुड़ी बीमारियों में यूनानी इलाज कैसे असरदार है, इस बारे में जानकारी दी गई। यूनानी मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंसारी ज़ुबैर ने बैलेंस्ड डाइट, नेचुरल दवा और बचाव के तरीकों के महत्व के बारे में बताया।

# रमज़ान को लेकर आयुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा

- अलग-अलग एजेंसियों के साथ की मीटिंग

**भिवंडी.** मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने न्यू एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में रमज़ान के मौके पर अलग-अलग एजेंसियों के साथ एक मीटिंग की। इस मीटिंग में मनपा आयुक्त ने मार्केट में सफ़ाई, ट्रांसपोर्टेशन, सिक्योरिटी, पानी की सप्लाई और भीड़ मैनेजमेंट के साथ-साथ फेरीवालों को जगह देने के मुद्दों पर चर्चा की।

रमज़ान के दौरान सफ़ाई बनाए रखना, इफ्तार के बाद कचरे का डिस्पोज़ल, कूड़ेदानों की संख्या बढ़ाना, रोज़ाना झाड़ू लगाना, गहरी



सफ़ाई और सफ़ाई बनाए रखने के लिए रेस्टोरेंट/होटलों से तालमेल बिठाना, दिन में दो बार कूड़ेदानों की सफ़ाई करना, हर जगह घंटागाड़ी का दो बार चक्कर लगाना, गहरी सफ़ाई और जल आपूर्ति विभाग के ज़रिए पानी उपलब्ध कराए जाने के संबंध में हेल्थ डिपार्टमेंट को निर्देश दिए गए। यातायात विभाग को भीड़ को मैनेज करने, वेंडरों के लिए जगह पहचानने और स्थानीय प्रतिनिधियों को शामिल करने की सलाह दी गई।

जल आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए गए कि जहाँ भी पानी की सप्लाई की शिकायतें हों, वहाँ टैंकरों से पानी उपलब्ध कराया जाए, गहरी सफ़ाई की जाए और जहाँ ज़रूरी हो, हेल्थ डिपार्टमेंट और वार्ड कमेटियों को पानी उपलब्ध कराया जाए। जलापूर्ति का शेड्यूल प्रकाशित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, पुलिस से समन्वय करने तथा संभावित आग के खतरों से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाएं तैयार कर ली गई हैं।

टोरेंट पावर को यह भी सलाह दी गई है कि वह सुनिश्चित करे कि रमजान के दौरान कहीं भी बिजली आपूर्ति में व्यवधान न हो।

मार्केट विभाग के माध्यम से फेरीवालों/विक्रेताओं को अनुमति देना। हालांकि सभी विभागों के लिए यह आवश्यक है कि वे अंतर-विभागीय समन्वय पर जोर दें तथा निश्चित समय सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई करें.

इस अवसर पर उप आयुक्त (कर) बालकृष्ण क्षीरसागर, शहर अभियंता जमील पटेल, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निजामपुरा विश्वास डागले, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शांतिनगर विनायक गायकवाड़, एस. पुलिस निरीक्षक अमित गोटे, भिवंडी शहर पुलिस थानेदार खराडे, एमआरसीएचओ/एम.ओ.एच डॉ. वर्षा चौधरी, स्वच्छता व स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख फैसल टाटली, बाजार विभाग की प्रमुख स्नेहल पुण्यार्थी, सीएसआईजेएम सोनवणे व एच.बी. भंडारे तथा अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# BBRT इंटरनेशनल स्कूल में तीसरी रोबोटिक्स प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

**कल्याण.** बीबीआरटी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित तीसरी विज्ञान एवं रोबोटिक्स प्रदर्शनी ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि यदि सही मार्गदर्शन और आधुनिक संसाधन मिलें तो छोटी उम्र में भी बड़ी वैज्ञानिक सोच विकसित की जा सकती है। ठाणे जिले के इस प्रतिष्ठित विद्यालय परिसर में आयोजित प्रदर्शनी में कक्षा पहली से लेकर उच्च कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और मानव शरीर आधारित विषयों पर करीब







50 से अधिक प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक, शिक्षाविद और अतिथि बच्चों की तकनीकी समझ, आत्मविश्वास और प्रस्तुतीकरण शैली को देखकर प्रभावित नजर आए।

प्रदर्शनी की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों ने केवल मॉडल प्रस्तुत नहीं किए, बल्कि उनके पीछे कार्यरत वैज्ञानिक सिद्धांतों और तकनीकी संरचना को भी विस्तार से समझाया। बच्चों द्वारा तैयार किया गया ऑटोमेटिक आग बुझाने वाला उपकरण, जो आग लगते ही स्वतः सक्रिय होकर नुकसान को कम कर सकता है, सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। इसी तरह दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए तैयार की गई अत्याधुनिक स्मार्ट स्टिक, जो सेंसर के माध्यम से रास्ते की बाधाओं की जानकारी देती है, सामाजिक सरोकार से जुड़ा एक सराहनीय प्रयास रहा। विद्यार्थियों ने एक उन्नत फायर अलार्म सिस्टम, मानव शरीर की कार्यप्रणाली पर आधारित मॉडल्स, तथा टेक्नोलॉजी से लैस विशेष स्मार्ट ग्लासेस जैसे कई उपयोगी और व्यावहारिक प्रोजेक्ट्स भी प्रदर्शित किए।

छठी और सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा कोडिंग, प्रोग्राम आर्किटेक्चर और लॉजिकल स्ट्रक्चर की जटिल अवधारणाओं को सरल भाषा में समझाना उपस्थित लोगों के लिए आश्चर्यजनक रहा। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने न केवल तकनीकी ज्ञान अर्जित किया, बल्कि अपने विचारों को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने की कला भी सीखी। यह प्रदर्शनी केवल एक शैक्षणिक गतिविधि नहीं, बल्कि भविष्य के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। अंत में विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल हीर उदासी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष लगभग 50 से अधिक प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए गए, जिनका उद्देश्य बच्चों में नवाचार, शोध प्रवृत्ति और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देना है।

# ठाणे ट्रैफिक पुलिस का दिल को छू लेने वाला सराहनीय कार्य

- ठाणे से मुंबई तक दिल पहुंचाने के लिए किया

**ठाणे.** वैलेंटाइन डे पर, ठाणे ट्रैफिक पुलिस ने इंसानियत का एक अनोखा संदेश देते हुए, कुछ ही मिनटों में 'ग्रीन कॉरिडोर' बनाकर एक मरीज़ के लिए दिल को सुरक्षित रूप से मुंबई पहुंचाया।ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट के गाइडेंस में टीम ने दिल को ठाणे के जुपिटर हॉस्पिटल से मुंबई के एक हॉस्पिटल तक पहुंचाने के दिल को छू लेने वाला सराहनीय कार्य किया। एक ब्रेन-डेड मरीज़ का दिल ठाणे के जुपिटर हॉस्पिटल से शाम 5.55 बजे मुंबई के सर एच. एन. रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती एक मरीज़ को भेजा गया। ठाणे से मुंबई का सफर लगभग 35.07 km है और ट्रैफिक पुलिस को ठाणे की सीमा में जुपिटर हॉस्पिटल से आनंदनगर टोल प्लाजा तक 6.01 km का रास्ता तय करने के लिए 14 मिनट का समय दिया गया था। लेकिन, ध्यान से प्लानिंग और सही काम की वजह से, ठाणे ट्रैफिक विभाग की टीम ने यह सिर्फ़ 8 मिनट में पूरा कर लिया और गाड़ी को समय पर मुंबई की सीमा में भेज दिया।इस ग्रीन कॉरिडोर के लिए ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर श्रीकांत सोंडे (कापूरबावड़ी), पुलिस इंस्पेक्टर बरेला (वागले), पुलिस सब-इंस्पेक्टर महाडीक (नौपाड़ा) और पुलिस सब-इंस्पेक्टर हिंगे के साथ-साथ असिस्टेंट पुलिस सब-इंस्पेक्टर अजीत पारधी और कंट्रोल रूम के दूसरे स्टाफ मेंबर्स की देखरेख में 25 पुलिसवाले तैनात किए गए थे। कंट्रोल रूम से मिली गाइडेंस के मुताबिक, ग्रीन कॉरिडोर के पूरे रास्ते पर कड़ी सिक्योरिटी रखी गई और ट्रैफिक को आसानी से डायवर्ट किया गया।इस बीच, जुपिटर हॉस्पिटल के डॉ. संतोष सोरते और उनकी टीम ने दिल को सुरक्षित और अच्छी हालत में पहुंचाने में कीमती योगदान दिया।

वैलेंटाइन डे पर ठाणे ट्रैफिक पुलिस के इस काम की हर जगह तारीफ हो रही है। समय से मुकाबला करते हुए जान बचाने के इस काम ने एक बार फिर ठाणे पुलिस फोर्स की मुस्तैदी और संवेदनशीलता को दिखाया है।शनिवार को आधे घंटे पहले हमें हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन से कॉल आया कि हार्ट को हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए मुंबई भेजना है। उसके बाद वैलेंटाइन डे पर ठाणे से मुंबई तक हार्ट का सफर शुरू हुआ।

# राजपाल यादव को HC से अंतरिम जमानत



- 1.5 करोड़ रुपए जमा करने के बाद मिली राहत
- कोर्ट की सख्ती के बीच आदेश

हाईकोर्ट में सोमवार को अभिनेता राजपाल यादव की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान भुगतान के तरीके को लेकर अहम बहस हुई। सुनवाई में उनके वकील ने अदालत को बताया कि वे 1.5 करोड़ रुपए की राशि एफडीआर (फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद) के जरिए जमा करने को तैयार हैं। हालांकि, जस्टिस शर्मा ने स्पष्ट कर दिया कि यह राशि एफडीआर के बजाय डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी।

अदालत ने रिकॉर्ड पर लिया कि 25 लाख रुपए का एक डिमांड ड्राफ्ट पहले ही जमा किया जा चुका है। इसके अलावा 75 लाख रुपए का एक और डीडी भी पूर्व में कोर्ट में प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय ने निर्देश दिया था कि शेष 1.5 करोड़ रुपए की राशि भी उसी दिन दोपहर 3 बजे तक डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा कराई जाए।

कोर्ट ने साफ कहा था कि निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी राशि जमा होने पर ही अंतरिम जमानत पर रिहाई संभव होगी। भुगतान के तरीके को लेकर अदालत का रुख सख्त रहा और किसी भी प्रकार की छूट देने से इनकार कर दिया गया। जस्टिस शर्मा ने दोहराया कि न्यायालय के आदेशों का पालन तय प्रारूप में ही किया जाना चाहिए।

निर्धारित समय के भीतर शेष 1.5 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट जमा कर दिया गया। इसके बाद अदालत ने अभिनेता राजपाल यादव को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दे दिया।

इस तरह, कोर्ट की शर्तों का पालन किए जाने के बाद राजपाल यादव को राहत मिल गई है। मामले में आगे की सुनवाई नियत तिथि पर होगी, लेकिन फिलहाल भुगतान की शर्त पूरी होने से उन्हें अंतरिम जमानत मिल चुकी है।

# श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहीदी वर्षगांठ

- विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकालकर दिया एकता का संदेश

**ठाणे.** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के मौके पर, विशाल हिंदी हाई स्कूल और आज़ाद इंग्लिश स्कूल के साथ मिलकर विद्यार्थियों ने "हिंद की चादर" पहल के तहत जोश के साथ प्रभातफेरी निकाली। इस प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में विद्यार्थी,अध्यापक और पेरेंट्स ने हिस्सा लिया, जिसने देशभक्ति



और सामाजिक एकता का संदेश दिया।प्रभातफेरी के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारे लगाए और समाज में भाईचारा, एकता और देशभक्ति का संदेश दिया। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर विद्यार्थियों ने इलाके में जागरूकता फैलाई।विद्यार्थियों को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब द्वारा मानवता की रक्षा के लिए दी गई बहादुरी, त्याग और बलिदान के बारे में भी बताया गया।इस एक्टिविटी ने न केवल स्टूडेंट्स में इतिहास के बारे में जागरूकता पैदा की, बल्कि सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर भी प्रकाश डाला।अध्यापक ने विद्यार्थियों को बताया कि ऐसी एक्टिविटीज़ से कल्चरल वैल्यूज़ और सोशल अवेयरनेस बढ़ाने में मदद मिलती है।दोनों स्कूलों के अधयापक और कर्मचारियों ने प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए बहुत मेहनत की। प्रभातफेरी को लोकल लोगों से भी रिस्पॉन्स मिला।






# शाकिब जाहिद खान MBA डिग्री से हुए सम्मानित

- परिवार व कौम का नाम रौशन किया
- मिठाइयां बांटकर किया गया खुशी का इजहार

**अंबरनाथ।** अंबरनाथ निवासी मोहम्मद शाकिब जाहिद खान ने MBA की डिग्री हासिल कर अपने परिवार व कौम का नाम रोशन किया है। एमबीए (मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) में पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री प्राप्त करने पर उनके पारिवारिक सदस्यों और मित्रों ने प्रसन्नता व्यक्त की है.



इस मौके पर उन्होंने मिठाई बांटकर अपनी खुशियों का इजहार किया है। मोहम्मद शाकिब ने एमबीए की डिग्री कुर्ला (मुंबई) के कोहिनूर बिजनेस स्कूल से प्राप्त की है। उनके माता पिता का कहना है कि हमें अपने बेटे पर पूर्ण विश्वास था कि वो उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार का नाम रोशन करेगा।

अंबरनाथ से निकलकर MBA जैसी प्रोफेशनल डिग्री हासिल करना न केवल उनके परिवार के लिए गर्व की बात है, बल्कि समाज के युवाओं के लिए भी एक प्रेरणा है। उनकी मेहनत और उनके अपनों का समर्थन ही है जो आज खुशियों के रूप में झलक रहा है। उम्मीद है कि वे आने वाले समय में कॉर्पोरेट जगत में बड़ी सफलताएं हासिल करेंगे और अपने क्षेत्र का नाम और भी रोशन करेंगे।

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099